


# लौंग से बनाएं अपने बालों को जड़ों से हेल्दी

लौंग का एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण बालों में इंफेक्शन को रोकता है और बालों को जड़ों से हेल्दी बनाता है। बालों की देखभाल करना आसान काम नहीं है पर इन्हें नज़रअंदाज़ करना बालों की समस्याओं को बढ़ा सकता है। जैसे कि मौसम में बदलाव के साथ बालों में डैंड्रफ, बालों का झड़ना और सफेद बाल। ऐसे में इन तमाम समस्याओं से बचाव का एक तरीका ये है कि आप पहले ही अपने बालों का खास ध्यान रखें। अक्सर लोग बालों का खास ध्यान रखने के लिए महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। जैसे कि शैंपू, कंडीशनर, हेयर ऑयल और हेयर सीरम। लेकिन इन प्रोडक्ट्स के जितने फायदे नहीं होते उससे ज़्यादा इसके नुकसान होते हैं। ऐसे में आपको कुछ नैचुरल चीज़ों का इस्तेमाल करना चाहिए जो कि बालों को फायदा ना पहुंचाए तो उनको भी नुकसान पहुंचाने का भी काम न करें। लौंग एक ऐसी ही नैचुरल चीज़ है जो कि आपके बालों को हेल्दी रखने और इसकी कई समस्याओं को दूर करने में आपकी मदद कर सकती है। तो आइए, हम आपको बताते हैं कि बालों के लिए लौंग के इस्तेमाल का तरीका और इसके कुछ खास फायदे।

## बालों के लिए लौंग के फायदे

### डैंड्रफ से छुटकारा पाने के लिए

डैंड्रफ यानी कि रूसी हर किसी को परेशान करता है। चाहे ये मौसम बदलने के कारण या फिर बालों के देखभाल से जुड़ी लापरवाहियों के कारण हो। आप बालों से डैंड्रफ को कम करने के लिए लौंग का इस्तेमाल कर सकते हैं। दरअसल, लौंग का पानी आपको इस काम में मदद कर सकता है। लौंग के पानी में एंटीबैक्टीरियल गुण होता है जो कि बालों की क्लीज़िंग करने के साथ डैंड्रफ को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा ये बालों में खुजली की समस्या को व हमेशा के लिए डैंड्रफ से छुटकारा पाने में मदद करता है। इसके लिए लौंग को पानी में डालकर उबाल लें और अब इस पानी को अपने स्कैल्प के लिए व डैंड्रफ के लिए इस्तेमाल करें।

### स्कैल्प इंफेक्शन दूर करने के लिए

स्कैल्प इंफेक्शन दूर करने के लिए आपको लौंग के तेल से अपने स्कैल्प की मालिश करनी चाहिए। इसमें एंटीमाइक्रोबायल और एंटीफंगल गुण होते हैं, इसलिए यह आपकी स्कैल्प को क्लीन करने में मदद करता है। लौंग के तेल में मौजूद रासायनिक यूजेनॉल भी एक उत्कृष्ट एंटीसेप्टिक है जो किसी भी चकत्ते को ठीक करता है। वे स्कैल्प की बीमारियों जैसे कि डर्मेटाइटिस और स्कैल्प प्रूरिट्स आदि से भी लड़ते हैं। इसके लिए एक कटोरी नारियल का तेल लें और इसमें लौंग मिलाएं। अब इसे उबाल लें और अपने बालों में लगा लें।

### लंबे बालों के लिए लौंग से बनाएं हेयर पैक

आप लौंग से हेयर पैक बनाकर अपने बालों के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। दरअसल, लौंग को पीसकर और एलोवेरा मिलाकर हेयर पैक बना सकते हैं। ये बालों को जड़ों से पोषण देता है और बालों की रोम में ऑक्सीजन की आपूर्ति सुरक्षित रखता है जिससे बाल बढ़ाने में मदद मिलती है।

### सफेद बालों के लिए लौंग का लेप

सफेद बालों के लिए लौंग का लेप बहुत फायदेमंद है। बालों को फिर से जीवंत करने के लिए आप लौंग का लेप बनाकर अपने बालों में लगा सकते हैं। इसके लिए लौंग के तेल के एक भाग को तीन भाग आर्गेनिक यूकेलिप्टस तेल में मिलाकर एक मिश्रण बना लें। अब इसमें थोड़ी-सी फिटकरी पीस कर मिलाएं। फिर सप्ताह में कम से कम दो बार अपने बालों की स्कैल्प को इससे मालिश करें। इससे ब्लड सर्कुलेशन सही होगा और बालों को काला करने में मदद मिलेगी। बालों के लिए लौंग का तेल एक प्राकृतिक उपचार के रूप में काम करता है। ये बालों के विकास को बढ़ावा देता है। इसके अलावा रेगुलर लौंग का तेल इस्तेमाल करने से ब्लड सर्कुलेशन सही हो जाता है और बाल जड़ों से हेल्दी रहते हैं।



**नोएडा से.26-उ.प्र.।** महाशिवरात्रि पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित हैं बायें से प्रिया रावत,संयुक्त सचिव,द्वालगिरी सोसाइटी, के.पी. सिंह,सेवानिवृत्त डीडीजी,मंत्रालय लाइट हाउस और लाइट शिप विभाग, संजीव दुग्गल,आर.डब्ल्यू.ए. समिति सदस्य, मदन सिंह चौहान,विधायक,गढ़ मुक्तेश्वर एवं पूर्व राज्य मंत्री समाजवादी पार्टी, ब्र.कु. राधा बहन, ब्र.कु. सुदेश बहन, श्वेता सेठी,मनोज सेठी की धर्मपत्नी, मनोज सेठी,आईसीएएस संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार,युवा मामले और खेल मंत्रालय, अशोक कुमार मिश्रा,महासचिव,द्वालगिरी सोसाइटी एवं निदेशक,शिशु मंडल,भाजपा तथा एम.एस. रावत,निदेशक,द्वालगिरी सोसाइटी।



**हाथरस-आनंदपुरी कॉलोनी(उ.प्र.)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा सोनई गांव में शोभायात्रा निकाली गई। तत्पश्चात् थोककमल में ब्रह्माकुमारीज़ पाठशाला में शिव ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर इगलास सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. हेमलता बहन, स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. शान्ता बहन, सोनई के थानाध्यक्ष विनय कुमार, ग्राम प्रधान सतीश कुमार, ब्र.कु. दुर्गेश बहन, ब्र.कु. कोमल बहन, ब्र.कु. श्वेता बहन, ब्र.कु. नीतू बहन तथा अन्य ब्र.कु. भाई-बहनों सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहे।



**राजकोट-पंचशील(गुज.)।** 86वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव पर बर्फिला अमरनाथ एवं 86 भोग का श्रृंगार किया गया तथा विश्व शांति के लिए शांति का दान दिया गया। इस अवसर पर राजयोगिनी ब्र.कु. भारती दीदी,क्षेत्रीय निदेशिका,ब्रह्माकुमारीज़ तथा अन्य ब्र.कु. भाई-बहनों सहित बड़ी संख्या में शहर के लोग उपस्थित रहे।



**रतलाम-डोंगरे नगर(म.प्र.)।** इंडिया सीमेंट लिमिटेड कंपनी,बांसवाड़ा में 'स्व प्रबंधन कला व सुखद एवं सुरक्षित जीवन' विषय पर आयोजित कार्यक्रम के पश्चात् समूह चित्र में प्लांट हेड यतेन्द्र शाह, चीफ मैनेजर ए.के. पांडे, वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्र.कु. अनिता दीदी, ब्र.कु. सविता बहन तथा अन्य स्टाफ।



**विजयवाड़ा-आ.प्र.।** एसआरएम युनिवर्सिटी, अमरावती, आ.प्र. तथा ब्रह्माकुमारीज़ शिक्षा प्रभाग के मध्य एसआरएम युनिवर्सिटी में एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर हुए। इस मौके पर प्रो. विज्जा सम्बासिवा राव,वाइस चांसलर, डॉ. आर. प्रेम कुमार,रजिस्ट्रार, डॉ. नाग स्वेता पसुपुलेती, डायरेक्टर, इंटरनेशनल रिलेशन्स एंड हाइयर स्टडीज़, ब्र.कु. डॉ. पाण्ड्यामणि भाई,डायरेक्टर,वैल्यु एजुकेशन प्रोग्राम, ब्र.कु. जय कुमार,मा.आबू, ब्र.कु. पद्मजा, कोऑर्डिनेटर, आ.प्र. एजुकेशन विंग तथा ब्र.कु. सिरिशा उपस्थित रहे।



**कादमा-झोझूकलां(हरियाणा)।** जनता महाविद्यालय द्वारा गांव आदमपुर डाढी के बालानाथ योगा आश्रम में स्वयं सेवकों के लिए चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के साप्ताहिक शिविर में स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका राजयोगिनी ब्र.कु. वसुधा बहन, ब्र.कु. ज्योति बहन, पोस्ट मास्टर ब्र.कु. अशोक शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रोशन लाल व सुरेन्द्र सिंह, योगाश्रम संचालक देवी सिंह तथा अन्य भाई-बहनें उपस्थित रहे।



**जयपुर-सोडाला(राज.)।** आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत शिवरात्रि कार्यक्रम में शिव ध्वजारोहण करते हुए ब्र.कु. पूनम दीदी,उपक्षेत्रीय निदेशिका,ब्रह्माकुमारीज़, ब्र.कु. स्नेह बहन,स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका, अजय महाला,एडिशनल कमिश्नर ऑफ इनकम टैक्स, विजय कटियार, डायरेक्टर ऑफ इंटरनेशनल हिंदुस्तान एकेडमी तथा अन्य।